तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **पूजानाथ** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार पीपाड़ शहर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353884885945295	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14/01/26	अपीलार्थी पूजानाथ निवासी निजि सहायक सिविल न्यायाधीश बिलाड़ा अपर सत्र न्यायालय बिलाड़ा, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 29.10.2025 ग्राम नानण पटवार हल्का नानण आरआई क्षेत्र कोसाणा तहसील पीपाड शहर के खसरा संख्या 975 की भू–राजस्व रेकर्ड के अनुसार नजरी नक्शा की सत्यापित प्रमाणित प्रतिलिपि से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट 8087 दिनांक 19.12.2025 अनुसार कार्यालय के पत्रांक 8083 दिनांक 19.12.2025 द्वारा अपीलार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अतः लोक सूचना अधिकारी की उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.01.14 14:07:35 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19922249